697. निम्नलिखित में से कौन सा समाचार-पत्र 1920 में विजयसिंह पथिक ने वर्धा से प्रकाशि किया था?
(a) नवीन राजस्थान (b) तरूण राजस्थान
(c) राजस्थान केसरी (d) नवजीवन

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018
वनवाल भर्ती-2020 (6-11-22)
RPSC-2017
RPSC-2020
House Keeper-2022(9-07-22)

Ans. (c) : विजौलिया आन्दोलन का नेतृत्वकर्ता विजय सिंह पथिक का मूल नाम शूपसिंह था। इन्होंने 1920ई. में वर्धा से राजस्थान केसरी का प्रकाशन किया। विजय सिंह पथिक ने अजमेर से नव संदेश और 'राजस्थान संदेश' राम से हिन्दी में अखबार भी निकाला।

698. मुंशी समरथदान चारण द्वारा अजमेर से 1889ई. में प्रारम्भ समाचार-पत्र का क्या नाम था?
(a) तरुण राजस्थान (b) नवीन राजस्थान
(c) राजस्थान केसरी (d) राजस्थान समाचार

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (d) : मुंशी समरथदान चारण द्वारा अजमेर से 1889ई. में प्रारम्भ समाचार-पत्र राजस्थान समाचार था।

699. किस समाचार पत्र के माध्यम से विजय सिंह पथिक ने बिजोलिया किसान आंदोलन को समूचे भारत में चर्चा का विषय बनाया?
(a) नवीन राजस्थान (b) प्रताप
(c) तरुण राजस्थान (d) युगान्तर

RPSC RAS/ RTS -1996
RPSC Gen. Awareness and Gen Studies-2018

Ans. (b) : 'प्रताप' समाचार पत्र कानपुर से प्रकाशित होता था। इसके संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी थे। राजस्थान में बिजौलिया किसान आन्दोलन के नेता विजय सिंह पथिक ने 'प्रताप' पत्र में लेख प्रकाशित करके बिजौलिया किसान आन्दोलन को समूचे भारत में चर्चा का विषय बना दिया था।

700. निम्न में से कौन सा आर्य समाजी विचारधारा का सम्पोषक नहीं था?
(a) देश हितैषी (b) जनहितकारक
(c) परोपकार (d) राजपूताना गजट

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (d) : अजमेर रियासत के लोगों के उत्पीड़न को उजागर करना तथा लोगों में भय की भावना को समाप्त करने हेतु मौलवी मुराद अली के द्वारा 'राजपूताना गजट' का प्रकाशन अजमेर से किया गया। इस अखबार के द्वारा आर्य समाज की विचारधारा को नहीं बढ़ाया गया था।

701. राजस्थान में समाचार पत्रों का सर्वप्रथम प्रकाशन प्रारम्भ हुआः
(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) अजमेर (d) बीकानेर

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (b) : राजस्थान में सबसे पहले जोधपुर से 'मारवाड़ गजट (1866) प्रकाशित हुआ। उदयपुर में महाराणा सज्जनसिंह ने 1875ई. में सज्जन कीर्ति सुधाकर प्रकाशित किया। यह पहला पाक्षिक समाचार पत्र था।

702. 1864 में राजस्थान के किस शहर में प्रथम लिथो प्रेस की स्थापना की गई थी?
(a) अजमेर (b) ब्यावर
(c) बीकानेर (d) इनमें से कोई नहीं

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (b) : राजस्थान में प्रथम प्रिंट मीडिया 'लिथो प्रेस' की स्थापना 1864 ई. ब्यावर में ईसाई मिशनरी द्वारा की गयी थी। इसका उपयोग धार्मिक साहित्य तथा मिशनरी स्कूलों के लिए किताबें आदि छापने के लिए किया जाता था।

703. निम्नलिखित में से कौन सा प्रकाशन ब्रिटिश शासन के दौरान अपने प्रकाशक के साथ गलत है?
(a) राजपूताना हेराल्ड - हनुमान सिंह
(b) राजस्थान टाइम्स - बख्शी लक्ष्मणदास
(c) प्रभात - विजय सिंह पथिक
(d) राजस्थान साप्ताहिक - ऋषिदत्त

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (c) : 1932 ई. में 'प्रभात' का प्रकाशन विजय सिंह पथिक द्वारा नहीं बल्कि ललित नारायण द्वारा शुरू किया गया था। इसका सम्पादन सिद्धराज ढड्ढा एवं सत्यदेव विद्यालंकार ने किया।

(i) राजपूताना हेराल्ड	-	1885 ई.	-	अजमेर
(ii) राजस्थान टाइम्स	-	1885 ई.	-	अजमेर
(iii) राजस्थान साप्ताहिक	-	1923 ई.	-	ब्यावर

704. राजस्थान सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (डी.आई.पी.आर.) द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका का क्या नाम है?
(a) तेजस (b) राजस
(c) सुजस (d) ओजस

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (c) : सुजस राजस्थान सरकार के सूचना और जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका है। जिस प्रकार योजना पत्रिका केन्द्र सरकार की नीतियों एवं योजनाओं का व्याख्यान करती है, उसी प्रकार सुजस राजस्थान सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं और उपलब्धियों को सूचीबद्ध करती है।

705. साहित्य अकादमी पुरस्कार-2021, राजस्थानी भाषा के लिए किसे दिया गया है?
(a) अनुराधा शर्मा (b) नमिता गोखले
(c) मीठेश निर्मोही (d) राज राही

Basic Computer Anudeshak-18.06.2022

Ans. (c) : मीठेश निर्मोही को साहित्य अकादमी पुरस्कार-2021 राजस्थानी भाषा के लिए प्रदान किया गया है। मीठेश निर्मोही को अपनी राजस्थानी काव्य कृति 'मुगती' के लिए सम्मानित किया है। मीठेश निर्मोही को राजस्थानी कहानी संग्रह-'अमावस एवं अर चांद' पर राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर द्वारा मुरलीधर व्यास राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार (2005) में प्रदान किया है। साहित्य अकादमी पुरस्कार, ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद देश का दूसरा सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार है जिसे भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। प्रतिवर्ष 24 भाषाओं में साहित्य लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को प्रदान किया जाता है।

706. 'मरूवाणी' क्या है?
(a) जयपुर रेडियों स्टेशन से प्रसारित कार्यक्रम
(b) राजस्थानी भाषा की मासिक पत्रिका
(c) राजस्थानी भाषा का शब्दकोष
(d) प्रमुख राजस्थानी गीतों का संग्रह

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22